**Regarding need for Kendriya Vidyalaya**

श्री रिचर्ड वनलालह्मंगइहा **(मिज़ोरम) :** महोदया, मेरा नंबर बैलट में नहीं आया था, फिर भी आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदया जी, पूरे देश में 1,200 केन्द्रीय विद्यालय हैं । मेरे प्रदेश को सन् 1986 में राज्य का दर्जा मिला था, अभी उसके 40 साल पूरे होने वाले हैं । मेरे प्रदेश में सिर्फ चार केन्द्रीय विद्यालय हैं । दो केन्द्रीय विद्यालय आइजोल जिले में हैं, वह राज्य की राजधानी है तथा एक केन्द्रीय विद्यालय लुंगलेई तथा दूसरा चम्फाई जिले में है । मेरे प्रदेश में 11 जिले हैं । तीन जिलों में तो केन्द्रीय विद्यालय हैं, लेकिन अभी आठ जिलों में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है । मैं हरेक जिले में एक-एक पाठशाला बनाने का अनुरोध करता हूं । अगर एक बार में आठ पाठशालाएं बनाना मुश्किल है, तो मैं कम से कम तीन नए केन्द्रीय विद्यायल बनाने का अनुरोध करता हूं ।